मेडिकल डिवाइस पार्क

चर्चा में क्यों?

हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा '**प्रमोशन ऑफ मेडिकल डिवाइस पार्क योजना**' के तहत उत्तर प्रदेश में **मेडिकल डिवाइस पार्क** की स्थापना को सैद्धांतिक मंज़ूरी प्रदान की गई है।

प्रमुख बिंदु

- उत्तर प्रदेश सरकार के अनुसार, मेडिकल डिवाइस पार्क को **गौतमबुद्ध नगर** में स्थापित किया जाएगा।
- उल्लेखनीय है कि देश में **चिकित्सीय उपकरण उद्योग को प्रोत्साहित करने** के लिये केंद्र सरकार के उर्वरक एवं रसायन मंत्रालय द्वारा '**प्रमोशन ऑफ मेडिकल डिवाइस पार्क योजना**' शुरू की गई है।
- इस योजना के तहत **उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, तमिलनाडु एवं मध्य प्रदेश में 4 पार्कों के निर्माण** को सैद्धांतिक मंज़ूरी प्रदान कर दी गई हैं।
- इस योजना के तहत कुल **400 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता** प्रदान की जाएगी।
- इस योजना की **कार्यावधि 2020-21 से 2024-25** तक निर्धारित की गई है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/medical-device-park-1